भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 973
सोमवार, 9 फरवरी, 2026 (20 माघ 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

बेड़े का एकीकरण और प्रचालनात्मक तत्परता

973. **डा. अनिल सुखदेवराव बोंडेः**
श्री केसरीदेवसिंह झालाः
श्रीमती संगीता यादवः
श्री मदन राठौड़ः
श्री मयंककुमार नायकः
श्रीमती ममता मोहंताः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में शामिल किए गए वाइड-बॉडी और नैरो-बॉडी विमानों की संख्या कितनी है और उनके वर्तमान प्रचालन मार्ग क्या हैं;

(ख) सरकार बेड़े के एकीकरण के दौरान विमान की उपलब्धता, समय पर कार्यनिष्पादन और मार्ग युक्तिकरण से संबंधित चुनौतियों से किस प्रकार निपट रही है;

(ग) विस्तार के दौरान सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए डीजीसीए और विमान कंपनी प्रचालकों के बीच मौजूद समन्वय तंत्र क्या है; और

(घ) बेड़े के सामंजस्य और सेवा मानकीकरण को पूरा करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान अनुसूचित एयरलाइन प्रचालकों के बेड़े में शामिल किए गए वाइड-बॉडी और नैरो-बॉडी विमानों की संख्या अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है। वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय विमानन क्षेत्र को पूर्ण रूप से विनियमनमुक्त कर दिया गया है, और एयरलाइनें अपनी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और बाजार सरोकारों के आधार पर उड़ानों का परिचालन करने और क्षमता तैनात करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(ख): एयरलाइनों द्वारा विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने, समय पर निष्पादन (ओटीपी) और मार्ग युक्तिकरण की निगरानी करने के लिए डीजीसीए के पास एक सुदृढ़ तंत्र मौजूद है।

(ग) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बहु-स्तरीय निगरानी तंत्र स्थापित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एयरलाइनों द्वारा विशेष रूप से बेड़े के आकार और परिचालनों में तेजी से विस्तार के चरणों के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से अनुपालन किया जा रहा है। विमानों को बेड़े में शामिल करने, उड़ान परिचालनों में वृद्धि, मार्ग विस्तार और वेट/ड्राई लीजिंग सहित सभी विस्तार गतिविधियां, सुरक्षा तैयारी की विस्तृत संवीक्षा के पश्चात डीजीसीए द्वारा पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन होती हैं। डीजीसीए उड़ान परिचालनों, उड़नयोग्यता, प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) और रखरखाव परिपाटियों को कवर करते हुए आवधिक और विशेष संपरीक्षाएँ, निरीक्षण और निगरानी क्रियाकलाप आयोजित करता है।

डीजीसीए परिचालन निष्पादन, सुरक्षा संकेतकों और जनशक्ति की पर्याप्तता एवं अनुपालन स्थिति की समीक्षा के लिए एयरलाइन प्रबंधन और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित करता है। कमियाँ पाए जाने पर, डीजीसीए सुधारात्मक और प्रवर्तन कार्रवाई करता है, जिसमें कारण बताओ नोटिस जारी करना, परिचालन प्रतिबंध या अनुमोदन का निलंबन और वित्तीय जुर्माना, जो भी आवश्यक हो, शामिल हैं।

(घ) : बेड़े के सामंजस्य और सेवाओं के मानकीकरण की प्रक्रिया प्रत्येक एयरलाइन प्रचालक का अपनी व्यवसाय योजना के आधार पर एक वाणिज्यिक निर्णय होता है और इस संबंध में मंत्रालय एवं डीजीसीए सीधे तौर पर हस्तक्षेप नहीं करते।

अनुलग्नक - I

शामिल किए गए वाइड-बॉडी और नैरो-बॉडी विमानों की संख्या

वर्ष	वाइड-बॉडी	नैरो-बॉडी	कुल
2023	8	104	112
2024	11	129	140
2025	0	95	95
2026 (दिनांक 31.01.2026 तक)	01	7	8

नोट: एयरलाइन प्रचालकों द्वारा बेड़े में विमानों को शामिल करने के साथ-साथ पट्टा अवधियों की समाप्ति के अनुरूप मौजूदा विमान की पुनःसुपुर्दगी/निर्यात भी किया जाएगा। इस प्रकार विमान को शामिल करने से विमान बेड़े में वृद्धि के साथ-साथ मौजूदा बेड़े के समय के साथ प्रतिस्थापन की भी पूर्ति होगी।

*****